राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 13 जनवरी। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा ने 26 जनवरी, 2023 से प्रारम्भ होने वाले हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के सुचारू संचालन हेतु एक प्रदेश स्तरीय समिति का गठन किया है।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के लिये गठित समिति का संयोजक मुख्यालय सचिव श्री रामसिंह कस्वा को बनया गया है, सह-संयोजक सचिव श्री जसवंत गुर्जर होंगे तथा सचिव श्री राजेंद्र यादव, श्री देशराज मीणा, श्री नरेश चौधरी, श्री राजेंद्र आर्य, श्री छोटूराम मीणा, श्री राहुल भाकर समिति के सदस्य नियुक्त किये गये हैं। उन्होंने बताया कि समिति जिला समन्वयकगण, ब्लॉक समन्वयकगण, ब्लॉक अध्यक्षगण, जिलाध्यक्षगण एवं प्रभारी पदाधिकारीगण व प्रभारी मंत्रीगण के साथ समन्वय स्थापित कर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के सुचारू संचालन का कार्य करेगी तथा अभियान के प्रतिदिन की प्रगति का फीडबैक प्राप्त कर प्रदेश कांग्रेस कमेटी को अवगत करवायेगी।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter